भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2237

दिनांक 01 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

भागलपुर में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या

2237. श्री अजय कुमार मंडलः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों (2022-23, 2023-24 और 2024-25) के दौरान बिहार के भागलपुर जिले में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत उपचार कराने वाले लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(ख) इन वर्षों के दौरान जारी किए गए गोल्डन कार्डों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) भागलपुर जिले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार ने उक्त योजना के प्रभाव का कोई आंकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार के भागलपुर जिले में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत उपचार कराने वाले लाभार्थियों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है:

वित्त वर्ष	अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या
2022-23	5,278
2023-24	9,260
2024-25	32,348

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार के भागलपुर जिले में बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है:

वित्त वर्ष	बनाए गए आयुष्मान कार्डों की संख्या
2022-23	8,001
2023-24	5,63,216
2024-25	5,03,365

(ग): दिनांक 30.06.2025 तक, भागलपुर जिले में इस योजना के तहत कुल 41 अस्पताल पैनलबद्ध हैं, जिनमें से 28 निजी और 13 सार्वजनिक अस्पताल हैं।

(घ): आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में सामाजिक सुरक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य संबंधी व्यय में वृद्धि के माध्यम से जेब से होने वाले व्यय (ओओपीई) को कम करने में एबी-पीएमजेएवाई के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया है, जिससे 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2015 और वित्त वर्ष 2022 के बीच, सरकारी स्वास्थ्य व्यय (जीएचई) 29.0% से बढ़कर 48.0% हो गया, जबकि जेब से होने वाले व्यय (ओओपीई) 62.6% से घटकर 39.4% हो गया।

*****